**खबर संक्षेप**



## पतंग दुकान में की गई चाइनीज धागों की जांच

**कटनी।** प्रदेश के धार जिले में चाइनीज मांझे में गला फंसने के कारण एक बच्चे की मौत होने की घटना के बाद जिला प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। एसडीएम एवं शहर कोतवाल के नेतृत्व में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने शहर में मौजूद पतंग की दुकानों का अचानक निरीक्षण किया एवं बेचे जा रहे धागों की जांच की। अचानक जांच कार्यवाही करने पहुंचे प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को देख दुकानदार भी सकते में आ गए। जांच के दौरान कटनी में चीनी मंजे का विक्रय होता नहीं पाया गया। कार्यवाही के संबंध में जानकारी देते हुए कोतवाली थाना प्रभारी आशीष शर्मा ने बताया कि कलेक्टर अवि प्रसाद एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देश पर किसी भी अनहोनी घटना को रोकने के उद्देश्य से मकर संक्रांति के पर्व पर आज एसडीम, कटनी तहसीलदार सहित कोतवाली के स्टाफ ने शहर में मौजूद पतंग की दुकानों की जांच की। जांच के दौरान विशेष तौर पर चाइनीस मांझे की तलाश थी मगर जांच के दौरान चाइनीस मांजा दुकानों में नहीं पाया गया। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा चाइनीज मंजे का विक्रय पूर्णत प्रतिबंधित किया गया है। यदि इस तरह के मांझे का विक्रय होता हुआ पाया गया तो सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## समाज सेवा एवं साहसिक कार्यों पर मिलेगा पुरस्कार

**कटनी।** महिला-बाल विकास विभाग द्वारा नारी सशक्तिकरण के लिये समाज सेवा, महिला सुरक्षा के लिए वीरता तथा साहसिक कार्यों के लिए व्यक्तिगत, संस्थागत और सामाजिक कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिए 6 राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाते है। विभाग ने वर्ष 2023 के इन पुरस्कारों के लिए 25 जनवरी 2024 तक आवेदन आमंत्रित किए हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य स्तरीय पुरस्कारों में रानी अवंती बाई वीरता पुरस्कार के अंतर्गत वीरता के लिए एक लाख रूपये की राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। समाज सेवा के लिए राजमाता विजयाराजे सिंधिया समाज सेवा पुरस्कार, संस्था अथवा व्यक्ति द्वारा समाज सेवा के लिए विष्णु कुमार पुरस्कार के लिए एक-एक लाख रूपये और प्रशास्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। नारी सम्मान की रक्षा के लिए मुख्यमंत्री नारी सम्मान रक्षा पुरस्कार अंतर्गत राज्य स्तर पर एक लाख रूपये की राशि और जिला स्तर पर 50 हजार रूपये की राशि तथा प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। साहसिक कार्यों के लिए अरुणा शानबाग साहस पुरस्कार में एक लाख रूपये और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। पुरुष एवं महिलाओं की सुरक्षा के लिए राष्ट्रमाता पद्मावती पुरस्कार की श्रेणी में एक लाख रुपए के साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

### सुनियोजित तरीके से वाहनों की चोरी कर हो जाते हैं फरार, पुलिस के हाथ खाली

# शहरी क्षेत्र में फिर सक्रिय हुए बदमाश, दोपहिया वाहनों की बढ़ने लगी चोरियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में वाहन चोरी की वारदातें एक बार फिर से बढ़ने लगी हैं। खासकर शहरी क्षेत्र में वाहन चोर सक्रिय हैं। अधिकांश मामलों में वाहन चोरी करते समय चोर सीसीटीवी कैमरे में भी नजर आ जाते हैं बावजूद इसके गिरफ्तारी नहीं हो पा रही है। चोरों के नहीं पकड़े जाने की मुख्य वजहों में से एक तो यह है कि वारदात को अंजाम देने वाले चोर नकाब लगाए रहते हैं, जबकि दूसरा कारण कैमरों की गुणवत्ता खराब होना है। अधिकांश कैमरों की फुटेज इतनी धुंधली रहती है कि उसमें चेहरा स्पष्ट दिखाई ही नहीं देता है। कोतवाली थाना प्रभारी आशीष शर्मा का कहना है कि चोरी की वारदातों का रोकने के लिए पुलिस टीम बनाई गई है। वाहन चोरी करने वाले बदमाशों की तलाश की जा रही है।



### इन चोरियों का नहीं हुआ खुलासा

विजयराघवगढ़ के जिवारा गांव निवासी गोविंद विश्वकर्मा 12 जनवरी की शाम शहर आया था। उसने अपनी बाइक स्टेशन रोड रत्न सेल्स के बाहर खड़ी थी। इसी बीच उसकी बाइक अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। वारदात की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई।

24 दिसंबर 2023 को कछगवां निवासी हेमंत चक्रवती की बाइक कोतवाली थाना क्षेत्र के चांडक हॉस्पिटल के सामने खड़ी थी। अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है।

इसी तरह झंडाबाजार जैन मंदिर के सामने से जालपा वार्ड निवासी टेकचंद जैन की बाइक 26 नंवबर 2023 को चोरी कर ली गई। तीनों ही मामलों कि शिकायत कोतवाली पुलिस थाने में की गई है। अब तक वाहन चोरों के संबंध में पुलिस के पास ऐसा कोई सुराग नहीं हैं, जिसके आधार पर उनकी गिरफ्तारी की जा सके।

### चंद मिनटों में कर देते हैं पार

चोरों की नजर से दोपहिया वाहन न शहर में सुरक्षित हो पा रहे हैं न ही ग्रामीण अंचलों में। दुकान, बाजार या घर के बाहर दोपहिया वाहनों को चोर आसानी से पार कर देते हैं। सक्रिय बदमाश बाइक पर दूर से नजर रखते हैं। बाइक सवार अपनी गाड़ी से थोड़ी दूर हुए नहीं कि चोर कारनामा दिखाने में जरा भी देर नहीं करते। मास्टर चाबी से या किसी अन्य तरीके से बाइक लेकर गायब हो जाते है। देखा गया है कि लोग जल्दबाजी में अपनी बाइक को लाक नहीं करते और खरीदारी करने जुट जाते हैं। इसी लापरवाही का चोर फायदा उठाते हैं। चोरों के पास मास्टर की चाबी होती है, इसका उपयोग बाइक चोरी करने के लिए करते हैं। सक्रिय बदमाश आए दिन कहीं न कहीं से लोगों के वाहन चोरी कर रहे हैं। चोर गिरोह जहां सूने में खड़े वाहनों को निशाना बना रहे हैं तो वहीं बाजारों की पार्किंग से भी मौका मिलते ही बाइक उड़ा रहे हैं जबकि पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पा रही है।

वाहन चोरों का गैंग वैसे भी काफी शातिर होता है। मास्टर चाबी तो इनके पास होती ही है, इनको यह भी पता होता है कि कहां भीड़ अधिक होगी और लोग अपने वाहन कहां खड़ी करेंगे। जहां पार्किंग स्थल नहीं होते, वहां वाहन चोर मंडराते रहते हैं। वाहन स्वामी अपनी गाड़ी खड़ी कर जैसे ही काम के लिए कहीं जाता है, ये आराम से अपना काम करके निकल जाते हैं। इसके पीछे जो वजह है कि वे क्षेत्र में आसपास कहीं ठिकाना बनाए रहते हैं, जिस कारण पुलिस के हाथ नहीं लगते।

चोरी की बाइकों को कबाड़ियों के अलावा सस्ते दामों में दूसरों को भी चोरो द्वारा बेंच दी जाती हैं। कबाड़ व्यवसाय वाले बाइकों को सस्ते दामों में खरीदकर उसका एक-एक पाटर्स अलग कर देते हैं। इनका हर पुर्जा अलग कर इंजन व कीमती सामानों को मैकेनिकों के पास बेच देते हैं।

# अपंजीकृत एवं अवैध निजी संस्थाओं की जांच के लिए समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम के प्रावधानों के तहत 0-18 वर्ष की आयु के देखरेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालकों यथा अनाथ, बेसहारा, परित्यक्त, घर से भागे हुये, बाल भिक्षुक, बाल तस्करी में लिप्त, शोषण का शिकार और सड़क पर रहने वाले बच्चों को संरक्षण प्रदान करने वाली समस्त अशासकीय संस्थाओं का किशोर न्याय अधिनियम की धारा 41 के तहत पंजीकरण किया जाना अनिवार्य है। यदि कोई संस्था किशोर न्याय अधिनियम के तहत पंजीकरण नहीं करवाती है तो उसके विरूद्ध अधिनियम की धारा 42 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही किये जाने के निर्देश है।

उक्त के संबंध में कटनी जिला अंतर्गत कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा अपंजीकृत एवं अवैध अशासकीय संस्थाओं की जांच करने हेतु जिले एवं अनुभाग स्तर पर समिति का गठन किया गया है। जिले स्तर की समिति में अपर कलेक्टर अध्यक्ष, एवं डिसट्रिक्ट मैनेजर लीड बैंक, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग सदस्य हैं। इसी प्रकार अनुभाग स्तर पर समिति के अध्यक्ष अनुभाग अधिकारी (राजस्व) एवं ब्लाक शिक्षा अधिकारी, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास सदस्य होंगे।

कटनी अंतर्गत चार संस्था आसरा बाल गृह कटनी, आशा किरण बाल गृह कटनी, लिटिल स्टार बालिका गृह हिरवारा, किलकारी शिशु गृह कटनी शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था हैं। अतः इनके अतिरिक्त जरूरतमंद बालकों यथा अनाथ, बेसहारा, परित्याक्त, घर से भागे हुये, बाल भिक्षुक, बाल तस्करी में लिप्त, शोषण का शिकार और सड़क पर रहने वाले बच्चों को संरक्षण प्रदान करने वाली अशासकीय संस्था जो अनाधिकृत रूप से संचालित है, इसकी जानकारी यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास को दूरभाष या व्हाटसेप के माध्यम से प्रदाय की जाती है, उक्त व्यक्ति के नाम, पता संबंधी जानकारी गोपनीय रखी जावेगी और जानकारी सत्य होने पर 5000 का नगद पुरस्कार प्रदाय किया जावेगा।

**अभियान के दौरान डेढ़ माह तक राजस्व रिकार्डों में होगा सुधार**

# राजस्व विभाग से संबंधित प्रकरणों के निराकरण हेतु शुरू हुआ महा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख में, इन्द्राज त्रुटियों को ठीक करने के उद्देश्य से सोमवार को जिले की पांच तहसीलों के 35 ग्राम पंचायतों में राजस्व महाअभियान प्रारंभ किया गया। यह महाअभियान जिले में आगामी 29 फरवरी, तक संचालित किया जायेगा।

राजस्व महाअभियान के दौरान अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पटवारियों एवं राजस्व अधिकारियों की मौजूदगी में राजस्व रिकॉर्ड का वाचन, समग्र ई-केवाईसी और समग्र से खसरे की लिंकिंग, आरसीएमएस पर प्रकरण दर्ज कराना, आरसीएमएस पर लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण, उत्तराधिकार नामांकन, सीमांकन, नक्शे में तरमीम संबंधी जानकारी ग्रामवासियों को दी गई। पीएम किसान का सेचुरेशन एवं समग्र का आधार से ई-केवाईसी और खसरे की समग्र आधार से लिंकिंग सहित आमजन की राजस्व से संबंधित समस्याओं के निराकरण के प्रयास किये गए।

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा राजस्व महाअभियान हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अनुभागवार नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाकर निर्धारित समयानुसार समस्त पटवारियों एवं राजस्व अधिकारियों से समय-सीमा में कार्यवाही करनें तथा की गई कार्यवाही की जानकारी प्रतिदिन गूगल शीट में दर्ज करानें के निर्देश दिए है।

राजस्व महाअभियान में आरसीएमएस में दर्ज प्रकरणों एवं अविवादित नामांतरण, अविवादित बंटवारा, बटांकन, अभिलेख दुरुस्ती संबंधी प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण, आधार से ई-केवायसी और खसरे तथा आधार की लिंकिंग की कार्यवाही पूर्ण कराने हेतु किसानों को प्रेरित किया जाकर प्रथम दिवस सोमवार को सीमांकन के 23 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

राजस्व महाअभियान के तहत 15 जनवरी को तहसील ढीमरखेडा के अतरसूमा और जिर्री तथा विजयराघवगढ़ तहसील के मेहगांव, रजरवारा नंबर दो, खरखरी, हरदुआकला, भैसवाही, मोहास, मुडेहरा में और कटनी तहसील के मझगवां, अतरिया, बिजौरी चपहनी, बडेऱा, झिंझरी, सेझा, नन्हवारा, बडवारा खुर्द, उमरिया, मानपुर, लखाखेरा, बजरवारा, गोपालपुर, बनहरी, अमाडी, निगरहा, बसाड़ी, भदौरा, गुड़ा लुहरवारा और बरही तहसील के सिरौंजा गडरिया, पिपरिया कला सहित बहोरीबंद के गौरहा, खम्हरिया, कूड़ा सोमाकला, बचौया में राजस्व शिविर आयोजित किया गया। अपर श्रीमती कलेक्टर साधना परस्ते द्वारा मतदान केन्द्र क्रमांक 74 एवं 76 की मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया गया तथा राजस्व अभियान के तहत राजस्व के प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

## वाहन चालकों को जागरूक करने चलाया अभियान



ट्रैफिक सिगनलों को लेकर शहर के नागरिकों में जागरूकता के अभाव को देखते हुए कलेक्टर अवि प्रसाद एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा यातायात विभाग को इस दिशा में प्रयास करने के निर्देश दिए गए। यातायात विभाग ने शहर के वाहन चालकों को ट्रैफिक सिगनलों के प्रति सजग रहने की सीख देने के लिए विशेष अभियान चलाया। यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे ने बातचीत करते हुए कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त निर्देशों के आधार पर बरगवां कटाई घाट मोड़ के समीप ट्रैफिक सिगनलों का पालन करने के लिए यातायात विभाग के द्वारा प्रयास किए गए। इस दौरान मौजूद यातायात कर्मी ने वहां से गुजर रहे लोगों को रोककर सिग्नल के अनुसार वाहन चालकों को चलने की समझाइस दी। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक सिग्नल वाहन चालकों की सुविधा के लिए लगाए जाते हैं ना कि उनकी परेशानी बढ़ाने के लिए। यदि लोग नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाएं तो काफी हद तक सड़क हादसों में नियंत्रण किया जा सकता है।

# गैवी धाम में विष्णु यज्ञ का आयोजन, भंडारा प्रसाद के लिए उमड़े श्रद्धालुजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा तहसील मुख्यालय से 2 किलोमीटर दूर स्थित रामपुर ग्राम के पास गैवी धाम में श्री विष्णु महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है जो की 8 जनवरी से 14 जनवरी तक का आयोजन किया गया है जिसमें दूर-दूर से भक्तगणों का दर्शन हेतु विशाल भंडारा का प्रसाद यज्ञ में पहुंच रही है और गैवी नाथ स्वामी के दर्शन कर विशाल भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया भंडारे का कार्यक्रम सुबह 10:00 बजे से प्रारंभ कर दिया गया था पहले चरण में कन्या भोज इसके बाद ब्राह्मण भोज और इसके ठीक बाद नगर भोज का आयोजन किया गया जिसमें दूर दराज गांवों से पहुंचे हुए सभी श्रद्धालुओं एवं आसपास के सभी



ग्राम वासियों को बैठक यज्ञ का भंडारे का प्रसाद खिलाया गया जो की देर शाम तक भंडारे का कार्यक्रम चला रहा एवं यज्ञ की पूर्ण आहुति कर यज्ञ में पहुंचे साधु संत एवं कन्या ब्राह्मणों को दक्षिणा देकर यज्ञ आयोजन समिति के सदस्यों के द्वारा उनकी विदाई की गई।

यज्ञ समिति के सदस्य रामनरेश त्रिपाठी सुरेश त्रिपाठी नंदू त्रिपाठी सुलभ त्रिपाठी रितेश त्रिपाठी सागर दुबे हिमांशु शुक्ला दिलीप शुक्ला पिंटू दुबे सतीश दुबे पवन त्रिपाठी राजेश त्रिपाठी एवं समस्त ग्राम वासियों एवं क्षेत्रवासी के सहयोग से भंडारा कार्यक्रम संपन्न हुआ।

**जिले की 6 जनपदों की 11 ग्राम पंचायतों में पहुंची संकल्प यात्रा**

# योजनाओं से लाभांवित कर विकसित भारत का दिलाया जा रहा संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत केंद्र शासन की योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने सोमवार को जिले की 6 जनपद पंचायतों के 11 ग्राम पंचायतों में शिविर लगाये गये।

आयोजित शिविरों के दौरान स्थानीय नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों की ई-केवायसी करने, आधार लिंकिंग, आधार अपडेशन एवं आधार रजिस्ट्रेशन के लिये भी स्टॉल लगाये गये थे। इसके साथ ही यात्रा के साथ चल रहे प्रचार रथ से प्रधानमंत्री के सन्देश का प्रसारण किया गया। लोगों को भारत को विकसित बनाने का संकल्प भी दिलाया गया।



केंद्र शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके हितग्राहियों ने अपने अनुभव भी सुनाये।

जिले में आयोजित हुए शिविरों में आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा एवं वृद्धावस्था पेंशन योजना तथा बैंकों से जुडी प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, अटल पेंशन योजना एवं अटल पेंशन योजना के अलग-अलग स्टॉल लगाये गये।

### आज यहां आयोजन

विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार 15 जनवरी को जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम करेला व बसाडी, जनपद पंचायत बहोरीबंद की ग्राम पंचायत अमगवां व चांदनखेडा, जनपद पंचायत ढीमरखेडा की ग्राम पंचायत खम्हा व हरदी, जनपद पंचायत कटनी की ग्राम पंचायत हिरवारा व पपिरौध, जनपद पंचायत रीठी की ग्राम पंचायत थनौरा और जनपद पंचायत विजयराघवगढ की ग्राम पंचायत हरदुआ महानदी व इटौरा पहुंची।

**कलेक्टर की अध्यक्षता में धर्मगुरूओं और पुजारियों की हुई बैठक**

# जिले में अविस्मरणीय होगा रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की प्रतिमा के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को पूरे जिले में भव्य एवं अविस्मरणीय तरीके से मनाया जायेगा। जिले मे पंचायत स्तर पर सामाजिक संगठनों और स्थानीय जनों ने लोगों को पीले चावल अक्षत भेंट कर 22 जनवरी तक निरंतर चलने वाले विविध कार्यक्रमों के लिए आमंत्रण दिया है। यह जानकारी सोमवार की शाम को कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दी गई।

बैठक में महापौर प्रीति संजीव सूरी, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, भाजपा जिलाअध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, उमेश मिश्रा, राकेश अग्रवाल सहित पार्षदों और जिले के धर्मगुरू, धर्माचार्य, महंत और पुजारियों और अपर कलेक्टर साधना परस्ते, संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी



नयन सिंह, तेजसिंह केशवाल, उपायुक्त पी.के.अहिरवार सहित समाजसेवी और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी रही।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि यह हम सब के लिए सौभाग्य की बात है कि त्रेता युग में भगवान श्री राम का वन पथ गमन कटनी जिले से होकर हुआ था। मान्यताओं के अनुसार भरभरा आश्रम के समीप प्रभु श्री राम ने भगवान शंकर की पूजा अर्चना की थी। कलेक्टर ने कहा कि सामाजिक सहयोग और भागीदारी से रामवनगमन पथ को सुसज्जित किया जाये। लोगो ने कलेक्टर के इस प्रस्ताव पर सहमति जताई। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जिला प्रशासन की ओर से राज्य शासन द्वारा तय किये गए हर दिन के आयोजनों की विस्तृत जानकारी दी गई। कलेक्टर श्री प्रसाद ने कहा कि जिले भर में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के प्रति काफी उत्साह है। जिला प्रशासन हर प्रकार की सहायता करने के लिए तैयार है। बैठक में धर्माचार्यो से कई महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए।

बैठक में बताया गया कि जगह- जगह उत्साह व त्यौहार जैसा माहौल है, जिले में जगह- जगह, भजन - कीर्तन, रंगोली, रामचरित्र पाठ, राम कथा, मंदिरो की साफ-सफाई, दीपोत्सव आदि कार्यक्रम हो। सम्पूर्ण जगह दीपोत्सव जैसा वातावरण मनाने को कहा। दीपोत्सव के लिये आमजन को जागृत किया जाये। राम मंडलियों को स्थानीय कार्यक्रम के लिये प्रेरित किया जाये। प्रमुख मंदिरों में साफ- सफाई, रोशनी, दीप प्रज्वलन आदि के साथ ही भगवान श्री राम- जानकी आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायें। 21 जनवरी तक मंदिरों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाये।

# महापौर, निगमाध्यक्ष ने सीएलपी वार्ड में सड़क निर्माण का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने संयुक्त रूप से सी. एल पी पाठक वार्ड में चल रहे सीसी रोड के निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। निगम अध्यक्ष मनीष पाठक के सीएलपी वार्ड में करीब एक करोड से अधिक की लागत से सीसी रोड का निर्माण हो रहा है निगमाध्यक्ष स्वयं वार्ड में सडक निर्माण और चौडीकरण के लिये सक्रिय है महापौर एवं निगमाध्यक्ष की अपील पर वार्ड के लोगों द्वारा स्वस्फूर्त अतिक्रमण हटाकर सडक निर्माण का मार्ग प्रशस्त कर रहे है।

महापौर व निगमाध्यक्ष ने इस मार्ग पर नाला का निरीक्षण किया। चौडीकरण के बाद बरगवां से



सीएलपी वार्ड एवं लखेरा के लोगों को जाने के लिये यह मार्ग सुविधा जनक होगा।निरीक्षण के दौरान महापौर ने क्षेत्रीय लोगों से वादा किया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता युक्त किया जायेगा सडक निर्माण में किसी प्रकार से शिकायत का मौका नहीं दिया जायेगा।

इस मौके पर एमआईसी मेंबर सुभाष साहू पार्षद जीवन चौधरी श्रीमती अलका अरुण पांडे कार्यपालन यंत्री केपी शर्मा सहायक कार्यपालन यंत्री सुनील सिंह उपयंत्री संजय मिश्रा पवन श्रीवास्तव ठेकेदार दीपू जायसवाल एवं वार्ड वासियों की उपस्थिति रही

## खबर संक्षेप



### एड्स जागरूकता को लेकर छात्राओं ने किया फेस पेन्टिंग

**ढीमरखेड़ा।** शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में प्रभारी प्राचार्य आरती धुर्वे की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना और रेड रिबन क्लब के द्वारा एड्स जागरूकता अभियान अंतर्गत फेस पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई।प्रतियोगिता में छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम अधिकारी अभिलाषा चौरसिया ने बताया कि प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा साक्षी यादव प्रथम और छात्रा पूनम बर्मन द्वितीय स्थान पर रही।

### सड़क किनारे मिली युवक की लाश, शिनाख्त नहीं

**कटनी।** राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे एक युवक की गत दिवस लाश मिली। राहगीरों ने सड़क किनारे युवक को मृत पड़ा देखा घटना की सूचना कुठला पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कुठला पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए शव परीक्षण कराने के उपरांत अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि 14 जनवरी की सुबह लगभग 9 बजे राहगीरों ने थाने में फोन के जरिए सूचना दी की सतना से कटनी की ओर आने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर बारडोली ढाबे एवं चाका के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे एक युवक मृत अवस्था में पड़ा है। सूचना मिलने के बाद जब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई की किसी अज्ञात वाहन ने लगभग 33 वर्षीय अज्ञात युवक को टक्कर मार दी है। युवक के शरीर में जख्म के निशान मिले हैं। मृतक के पास से उसकी पहचान संबंधी किसी तरह के दस्तावेज नहीं पाए गए। पुलिस ने मृतक का शव परीक्षण कराते हुए अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी मृतक की पहचान नहीं की जा सकी है।

### जिला चिकित्सालय में निरंतर जारी है सोनोग्राफी का कार्य

**कटनी।** जिला चिकित्सालय में 6 जुलाई 2023 को डॉ आर के अठया, रोडियोलॉजिस्ट के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कटनी पद पर पदोन्नत होने के उपरांत चिकित्सालय में रेडियालाजिस्ट का पद रिक्त है। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि वर्तमान में बी.आर.पी. कार्यक्रम के अंतर्गत इस तिमाही में दो रेडियोलॉजिस्ट डॉ० सरन्या रवि एवं ज्योत्सना मोरे मेडिकल कालेज जबलपुर के द्वारा सोनोग्राफी का कार्य दिनांक 04 जनवरी 2024 से किया जा रहा है। जिससे की जनहितार्थ की दृष्टि से गर्भवती भर्ती महिलाओं व ओ.पी.डी. में जांच हेतु आई संभावित सोनोग्राफी योग्य महिलाओं की सोनोग्राफी की जा रही है। वर्तमान में सोनोग्राफी का कार्य सुचारू रूप से संचालित है।

### संपत्ति एवं जल कर की वसूली के लिए ननि ने लगाया शिविर

**कटनी।** सोमवार को शेर चौक लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास वार्ड क्रमांक 06, 07, 08 एवं 24 में एवं एसीसी रोड गौरीशंकर मंदिर के पास वार्ड क्रमांक 37, 38, 39 में संपत्तिकर वसूली का शिविर संपन्न हुआ जिसमें संपत्तिकर की 41 रसीद एवं जलकर की 13 रसीदों के माध्यम से लगभग एक लाख अस्सी हजार की वसूली की गई। 16 जनवरी 2024 को सत्यनारायण मंदिर के सामने वार्ड क्रमांक 13 एवं 14 में एवं परौहा मार्केट रोशन नगर में वार्ड कमांक 17 एवं 18 में शिविर लगाया जायेगा। महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी निगमाध्यक्ष मनीष पाठक एवं निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा शहर के सभी नागरिकों से अपील की है कि वार्ड में आयोजित वसूली शिविर स्थल में बकाया संपत्तिकर एवं जलकर राशि जमा कर अपना बहुमूल्य समय बचाकर नगर विकास में सहभागी बनें।

## आर्थिक सशक्तिकरण हेतु मुर्गी पालन से जुड़ने हेतु बैगा समुदाय की महिलाओं को किया प्रेरित

# जिला सीईओ ने चेक डैम और तालाब का औचक निरीक्षण कर लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सोमवार को जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत बरेली रामपुर में निर्मित स्टॉपडेम का औचक निरीक्षण कर गुणवत्ता का जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत 12 लाख 27 हजार रूपयों की लागत से चेक डैम का निर्माण कराया गया था। चेक डैम के बनने से आसपास के किसानों को सिंचाई हेतु पानी की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ रहा है बल्कि चेक डैम की भारक और सिंचाई क्षमता के अनुसार फसलों हेतु सिंचाई के लिए पानी की पर्याप्त उपलब्धता हो रही है।



### मजदूरों का हाल जाना

जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने



ग्राम पंचायत जिररी पहुंच कर चेक डैम को देखा और आवश्यक सुधार कार्य करने के निर्देश तकनीकी अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने चौपाल लगाकर महिलाओं से संवाद किया। मजदूरों से मजदूरी के संबंध में जानकारी लेकर हाल जाना। सीईओ ने आर्थिक रूप से सशक्त होने के लिए बैगा समुदाय की महिलाओं से मुर्गी पालन की गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। स्वीकृत महिला हितग्राहियों से मुर्गी पालन शेड को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने को कहा। इसके बाद झिन्ना पिपरिया में वाटरशेड के अंतर्गत निर्मित तालाब का निरीक्षण किया और पर्याप्त जल संचय को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक गुणवत्ता सुधार किए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री गौरी शंकर खटीक सहित कर्मचारी मौजूद थे।



# अयोध्या से आए हुए अक्षत घर-घर बांट रहे रामसेवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भगवान श्रीराम के बाल रूप की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को अयोध्या जी में होने जा रही है ,इस निमित्त देश भर में रामसेवक घूम घूम करके अयोध्या से आए हुए अक्षत भगवान राम का चित्र और आमंत्रण प्रत्येक परिवार में दे रहे हैं ,अपनी कटनी जिले में भी यह अभियान लगातार गांव गांव बस्ती बस्ती में जारी है ,रामसेवकों की टोलियां हर घर जा रही है, 22 जनवरी को बृहद रूप में निकट के मंदिर में अयोध्या जी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह दोपहर 11:00 से 1 बजे तक सभी मंदिरों में एलईडी और टीवी के माध्यम से लाइव प्रसारण होगा, दोपहर हवन भंडारा के पश्चात रात्रि में सभी घरों में न्यूनतम 11 दीपक, लाइटिंग और आतिशबाजी करने का आग्रह राम जन्म भूमि मंदिर निर्माण गृह संपर्क अभियान के जिला संयोजक अमित कनकने, सह संयोजक राहुल दुबे ने किया है

अयोध्या से आए अक्षत पाकर लोग भाव विभोर हो रहे हैं, श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण गृह संपर्क अभियान के प्रांत सह संयोजक उमेश मिश्र, नगर संयोजक अरुण सोनी, रामसेवक विपिन तिवारी, संजय त्रिपाठी, जुगराज सिंह ,भगवान दास सिंह राठौर ,महेंद्र तिवारी आदि रामसेवकों की टोली ने कबाड़ का व्यवसाय करने वाली महिला के हाथ में जब राममंदिर जी के अयोध्या जी से आए अक्षत दिए तो वह भाव विभोर हो गई और अपने आंसुओं को नहीं रोक पाई।

## पीएम के संबोधन के सीधे प्रसारण को लोगों ने सुना

# प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत मेगा इवेन्ट ढीमरखेड़ा में आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत प्रधानमंत्री जनमन योजना के मेगा इवेन्ट का जिला स्तरीय कार्यक्रम सोमवार को कटनी जिले के जनपद पंचायत ढीमरखेडा के महात्मा गांधी ग्राउण्ड में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह, कलेक्टर अवि प्रसाद, जिला पंचायत के सी.ई.ओ शिशिर गेमावत, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता संतोष दुबे, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया मिनिस्ट्री ऑफ ट्राईबल के डिप्टी डायरेक्टर बिजु सायरिक और भोपाल से असिस्टेंट डायरेक्टर डीके यादव समेत जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दुर्गा पारस पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक परियोना अधिकारी डॉ अजीत सिंह ने किया।

शिविर में दूरदराज के गांवों से पहुंचे जनजातीय वर्ग के लोगों नें यहां प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन के सीधे प्रसारण को उत्साह पूर्वक देखा और सुना।

प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत जनजातीय कल्याण के उद्देश्य से आयोजित शिविर, मेगा इवेंट कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान बैगा जनजातीय के 116 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना तथा 682 हितग्राहयों को आयुष्मान कार्ड 790 हितग्राहियों को आधार कार्ड सहित 112 हितग्राहियों को शासन की अन्य योजनाओं का हितलाभ दिया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बड़वारा विधायक ने कहा कि जनमन का अर्थ गर्भ से निकालकर नया जीवन प्रदान करना है। जनजातीय समाज के उत्थान हेतु शासन द्वारा चलाई जा रहीं हितग्राही मूलक योजनाओं एवं विकास कार्यो की विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को उत्सवी माहौल के साथ मनाने की अपील की। कार्यक्रम को भाजपा जिला अध्यक्ष ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर किया गया।

### स्टॉल लगाकर दी गई योजनाओं की जानकारी

कार्यक्रम के दौरान जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, आजीविका उत्पाद मेला, आयुष्मान योजना, स्वास्थ्य विभाग, ,खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री वन धन योजना, उद्यनिकी विभाग, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पशु चिकित्सा सेवाएं सहित अन्य विभागों के स्टॉल लगाये जाकर हितग्राहियों को शासन की योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान गोविंद प्रताप, प्रशांत राय, विजय दुबे, पूजा देवी सिंह, शैलेन्द्र पौराणिक, अनिल बागरी आदि की उपस्थिति रही।

## पात्र हितग्राहियों को हितलाभ किये गये वितरित



विकसित भारत संकल्प यात्रा 4 जनपद पंचायतों की 8 ग्राम पंचायतों में पहुंची, जहां पर स्थानीय लोगों द्वारा यात्रा का किया गया। शासन की योजनाओं का लाभ हर पात्र नागरिक तक पहुंचाकर उनके जीवन को आसान एवं समृद्ध बनाना ही विकसित भारत संकल्प यात्रा का मकसद है। यात्रा के दौरान आयोजित शिविरों में पात्र हितग्राहियों को केन्द्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाकर पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत सरस्वाही में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का उपस्थित ग्रामीणों ने लाभ अर्जित किया। विदित हो की यात्रा के माध्यम से शासन द्वारा हर गांव, हर घर तक पहुंचकर लोगों को शासकीय योजनाओं से आच्छादित करने का कार्य किया जा रहा है। यात्रा के दौरान विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए शिविर में उपस्थित आमजनों द्वारा उत्साह के साथ संकल्प लिया गया। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों के जीवन में आए बदलाव से संबंधित अनुभव भी साझा किए गए।

# प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए कटनी से रवाना हुई 30 क्विंटल दाल और 18 क्विंटल धनिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण के उपलक्ष्य में कटनी नगर के उत्साहित जनमानस द्वारा स्वप्रेरणा से इस पवित्र कार्य में सहभागिता का प्रण लिया ,जिस हेतु विभिन्न सामाजिक जनों एवम लघु उद्योग भारती, राहर दाल ,चना दाल मिल संघ के सदस्यो के सहयोग से कटनी नगर से 30 क्विंटल दाल और 18 क्विंटल धनिया श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण संपर्क महाअभियान के तहत अयोध्या जी प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी हेतु रवाना की गई। उपरोक्त ट्रक संजय इंडस्ट्रीज औद्योगिक क्षेत्र बरगवां से अयोध्या जी के लिए रवाना किया गया। इस

अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह, अभियान के प्रांत सहसंयोजक



उमेश मिश्र, विभाग प्रचारक श्रवण , अभियान के कटनी जिले के संयोजक अमित कनकने,सह संयोजक राहुल दुबे ,नगर संयोजक अरुण सोनी,हरि सिंह भदोरिया, मनीष सिंह,सुरेश रत्नानी,जुगराज सिंह ने ने झंडी दिखा करके अयोध्या हेतु ट्रक को रवाना किया।

उल्लेखनीय की 22 जनवरी की तैयारी हेतु प्रत्येक रामसेवक पूर्ण जोर शोर से लगे हुए हैं 22 तारीख को प्रत्येक मंदिरों में 11:00 बजे से 1:00 बजे तक ,प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण होगा, हवन भंडारा के पश्चात रात्रि में दीप प्रज्ज्वलन और लाइटिंग के साथ भव्य रूप में प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपूर्ण समाज मनाने वाला है,

## स्लीमनाबाद महा विद्यालय में विद्यार्थियों को दी गई जानकारी

# हरी खाद एवं खलियों के निर्माण के साथ उपयोग का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा के साथ स्वरोजगार स्थापित करने के लिए स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को प्राचार्या डॉक्टर सरिता पांडे के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक प्रीति नेगी के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा विद्यार्थियों को जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण के क्रम में विद्यार्थियों को कम लागत तकनीकी के अंतर्गत हरी खाद एवं खलियों के निर्माण तथा फसलों में उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया। हरी खाद के लिए दलहनी फसलों के अंतर्गत सन ढेंचा उड़द मूंग लोबिया बरसीम आदि फसलों को सिंचित अवस्था में मानसून आने के 15 से 20 दिन पूर्व तथा असिंचित अवस्था में मानसून आने के तुरंत बाद हरी खाद की फसलों के बीज बोना चाहिए। एक से डेढ़ माह की फसल को डिस्क हैरो या रोटावेटर चला कर पौधों को



पलट दें तथा पाटा चलावें। खेत में 5 से 6 सेंटीमीटर पानी भरने से 8 से 10 दिन में पौधों के सड़ने से खाद बन जाती है।

इसके बाद धान का रोपा लगाने से नाइट्रोजन खाद की मात्रा कम देना पड़ता है तथा सभी पोषक तत्व उपलब्ध होते हैं। तिलहनी फसलों से तेल निकालने के बाद बीजों का जो अवशेष बचा रहता है उसे खली कहते हैं। इसमें प्रोटीन कार्बोहाइड्रेट एवं खनिज पदार्थ पाए जाते हैं। खली का उपयोग दुधारू पशुओं को देने से दूध के उत्पादन में वृद्धि तथा जैविक खाद के लिए होता है। नीम तिल सरसों महुआ अरंडी करंज अलसी एवं मूंगफली आदि फसलों की खली का उपयोग किया जाता है।

## प्रभात फेरी में गूंजा एक ही नारा, एक ही नाम, जय श्रीराम - जय श्रीराम

# गांव-गांव हो रहा रामधुन और राम कीर्तन, भक्ति में डूबे रामभक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भगवान श्रीराम के जन्मभूमि में बन रहे अद्भुत और भव्य मंदिर में प्रभु श्रीराम के विराजित होने के उल्लास में समूची कटनी राममय है। यहां के गांवों और शहरों में प्रभात फेरियां निकालीं, जिसमें उमड़े जनसैलाब ने गगनभेदी नारे लगाए। एक ही नारा,एक ही नाम , जय श्रीराम-जय श्रीराम । इस नारे की गूंज सुनते ही समूचा वातावरण भक्तिमय हो गया और नर -नारी भक्ति रस से सराबोर हो अभिभूत हो गये।यत्र -तत्र, सर्वत्र मन में राम, तन में राम, रोम -रोम में राम की उक्ति चरितार्थ होती दिखी।

धर्मगुरुओं, पंडितो ,महंतों और मंदिरों के पुजारियों के मार्गदर्शन और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से कटनी में श्रीरामोत्सव के पुण्य अनुष्ठान की खुशियां मनाईं जा रही हैं। जिले की जनता धर्मानुरागी



है,रामभक्त है। पौराणिक आख्यानों और मान्यताओं के अनुसार वनवास के समय दक्षिण भारत की ओर जाते समय श्रीराम कटनी जिले के क्षेत्र से होते हुए गये थे। लोगों में आज भी जिले के इन स्थानों के प्रति गहरी आस्था और श्रद्धा है। यहां का हर गांव , हर शहर और हर घर श्रीराम की प्रतिमा के प्राण - प्रतिष्ठा समारोह के जश्न में शरीक होकर धन्य होना चाहता है। इस उत्सवी समारोह का हिस्सा बन कर श्रीराम की भक्ति में लीन होने उद्यत है।

जिले के हर घर,हर मंदिर, हर जलाशय , हर आंगनबाड़ी केंद्र में दीपोत्सव होगा। मंदिरों की साफ-सफाई होगी। मंदिरों में रामायण पाठ, रामलीला का मंचन और मर्यादा पुरुषोत्तम के जीवन चरित्र पर प्रसंगों की प्रस्तुतियां होंगी। प्रमुख मंदिरों में एल ई डी टीवी स्क्रीन पर श्रीराम जी के भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह को दिखाया जाएगा। यहां से होकर पवित्र अयोध्या नगरी जाने वाले श्रीराम भक्त तीर्थ यात्रियों का सम्मान किया जायेगा।

प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में श्रीराम की अयोध्या अपनी विरासत को संजोते हुए विकास की नई राह पर है।अयोध्या के त्रेतायुगीन वैभव और भव्यता को पुनर्स्थापित करने का संकल्प साकार हो रहा है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर अयोध्या उत्सव की खुशी में कटनी दीपावली के पहले ही, ठीक उसी तरह की दीपावली मनाने की तैयारी को आतुर है, जैसे -त्रेतायुग में 14 वर्षों के वनवास के बाद अयोध्या में भगवान श्रीराम की वापसी के बाद दीपावली मनाई गई थी।

अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहे भगवान श्री राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के प्रति कटनी जिले के गांव - गांव में भक्ति, आस्था और श्रद्धा से लबरेज उत्साह व्याप्त है। यहां मंदिरों की साफ - सफाई, रामधुन एवं रामकीर्तन, कर ग्रामीणजन अपने प्रभु श्री राम के प्रति भक्तिभाव को प्रदर्शित कर रहे है।

अयोध्या में 22 जनवरी को होनें वाले भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर रविवार को जनअभियान परिषद के समन्वय से विभिन्न विकासखंडों के ग्राम बंडा, डोकरिया, मझगवां, छाता, बड़वारा, शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद, मझगवां, धनवारा, हथकुरी, धनवाही टोला, कैमोर, गुडा, इमलिया बिचपुरा आदि ग्रामों में प्रभात फेरी, रैली का आयोजन किया गया । रैली में श्रीराम प्रभु की राम नाम धुन का गायन किया गया। इसके साथ ही स्थानीय मंदिरों में रामायण पाठ, संकीर्तन, कलश यात्रा आदि के कार्यक्रम आयोजित किये गए।

# सड़क व बिजली सुविधा उपलब्ध कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



रफी अहमद वार्ड नंबर 16 जागृति कालोनी के रहवासियो ने महापौर को ज्ञापन सौंपकर मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि जागृति कालोनी में हर मुहल्ले में सड़क न होने के कारण आवागमन में परेशानी होती है, कई बार लोग हादसे का शिकार हो जाते हैं। बरसात के मौसम में जगह जगह जल भराव होने के कारण मलेरिया, डेंगू जैसी बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है। मार्ग जर्जर होने से आपातकालीन चिकित्सा सेवा के लिये एम्बुलेंस नही आ पाती एवं आटो रिक्शा भी यहां आने से मना कर देते है। कालोनी में बिजली का पोल होते हुए भी बिजली के खम्भे में तार नही लगी, हुई है जिससे कि दूर पोल में लगी तार से कनेक्शन नही मिल पाता अगर हम अस्थायी कनेक्शन लेते है तो मनमाना बिजली का बिल भुगतान करना पड़ता है एवं रोड लाईट न होने के कारण रात में चोरी जैसे अन्य कई वारदात का सामना करना पडता है। इस प्रकार रोड लाइन के अभाव में असामाजिक तत्वों का लगातार खतरा बना रहता है जिससे असमय आने जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है खासकर महिलाओं एवं बच्चियों को। अतः सड़क, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं शीघ्र मुहैया कराने मांग की गई है।

**खबर संक्षेप**

## शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष बनाए गए त्रिपाठी

**दमोह।** प्राथमिक माध्यमिक उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ का विस्तार करते हुए जिला अध्यक्ष पवन खरे ने शरद त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष विकासखंड पटेरा एवं पुष्पेंद्र सिंह राजपूत जिला उपाध्यक्ष विकासखंड जबेरा को मनोनीत किया। शरद त्रिपाठी एवं पुष्पेंद्र सिंह राजपूत को प्राथमिक माध्यमिक उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष बनने पर श्री आरिफ अंजुम, कैलाश असाटी, मोहन ठाकुर, मुकेश श्रीवास्तव, विजय सिंह लोधी, पारस साहू, नरेंद्र नामदेव, संजय गांगरा, शिवराम कुर्मी, बलराम चौबे, रघुवीर सर ने शुभकामनाएं बधाई दी।

## विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**दमोह।** विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने की दृष्टि से राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा निर्धारित समय चक्र अनुसार एवं कलेक्टर मयंक अग्रवाल द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान किए जाने के उद्देश्य से दिए गए निर्देशों के तहत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विषयों पर आधारित मॉडल विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित किए गए। निर्धारित मापदंडों के अनुसार चयनित मॉडल के विद्यार्थियों में रुकसाना बानो, रागिनी बंसल, उत्तम कुमारी राजपूत, अंशिका पटेल और दुर्गेश राजपूत को पुरस्कृत किया गया एवं उनके मॉडल का चयन अगले चरण की प्रदर्शनी के लिए किया गया। मेले का आयोजन मार्गदर्शी शिक्षक माधव पटेल एवं जगपाल सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## नन्दराम पटेल का निधन

**हिण्डोरिया।** कादीपुर निवासी डॉ.गंगाराम पटेल, सरजू पटेल, खेमचंद्र पटेल के वयोवृद्ध पिता श्री नंदराम पटेल का 84 वर्ष की आयु मे निधन हो गया । जिनकी अंतिम शबयात्रा में सभी वर्गों के लोगों ने भाग लेकर उन्हें अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

### भदभदा मेला देखने उमड़ी लोगों की भीड़

# संक्रातिपर मेलों की धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

मकर सक्रांति के पावन पर्व पर देव स्थानों की नगरी कही जानी वाली उपकाशी के चारों ओर ग्रामीण क्षेत्रों में मेला भरने की परंपरा कई वर्षो से चली आ रही है वही ग्रामीण क्षेत्रों से निकली सरिता सुनार के घाटों पर संक्रांति पर्व पर लोग सुबह से स्नान कर भगवान शंकर को जल अर्पित करतें है।तो दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रो में स्थित भदभदा सकसूमा जरारू जलखंडी जैसे पवित्र स्थानों पर लोगो की भीड़ आज के दिन देखी जाती लोग संक्राती पर्व पर नगर से पांच किलोमीटर दूर स्थित ग्राम हारट के समीप भदभदा में मेला देखने पहुंचते है



दोपहर के बाद से स्थानीय व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो से महिलाओं युवतियों व बच्चों का मेला देखने आना जाना शुरु हो गया बच्चे युवक युवती महिलाए अपने परिवार के साथ मेला देखने पहुंचते है तो वहीं मेला में लगी दुकानों से लोग सामान खरीदते नजर आए वहीं कुछ झूले का आनंद भी लेते दिखे क्षेत्र के चारो तरफ ग्रामीण क्षेत्रो से मेला देखने लोग पहुंचे। तो मेला में लगी चाट की दुकानों से युवतियां चाट फुलकी का लुफ्त उठाती नजर आई वही ग्रामीण क्षेत्रो के बुर्जुगों का कहना है कि भदभदा में मेला भरने की पंरपरा कई सालो से चल रही है संक्राती पर्व के पहले दिन से ही यहां का मेला देखने लोगो की भीड़ जमा होने लगती है उपकाशी सहित आसपास के ग्राम के लोग अपने परिवार के साथ मेला देखने पहुंचते है वही मेला के दूसरे स्थान पर भदभदा वॉटरफाल अपनी प्राकृतिक छठां विखेर रहा है जिसको देखने मेला में आये हुए लोग अपने परिवार सहित इस वॉटरफाल पर जाकर आनंद उठाते है एवं इस बॉटरफाल के चारो ओर चट्टानें प्राकृतिक सौन्दर्य विखेरती है जिससे मेला देखने आने वाले लोगो को आर्कषित करती है।

## 206 वर्ष पुराना हो गया है टपका का मेला, राजा गुबरा ने की थी शुरूआत



**तेन्दूखेड़ा।** मकर संक्रति के दिन किशनगढ, पण्डा बाबा खर्राघाट के मेले में हजारो लोग पहुंचकर मेले का आनंद लेते है इसके अलावा सभी स्थानो पर सिद्ध महाराज के दर्शन कर पूजा अर्चन करते है। साथ ही नगर एवं आसपास के ग्रामों के लोग बगदरी फांल, पुरातन शिव मंदिर कोडल सहित अनेक स्थानों पर मकर संक्राति की छुट्टी मनाने जाते है। कहीं कहीं मेला एक सप्ताह तक लगता हैं। किशनगढ धाम में अनेक धार्मिक आयोजन होते है। सबसे अधिक लोग टपका के मेले मे शामिल होते है। मेन सडक से लगभग 10 किलोमीटर अंदर जंगलो के बीच ग्राम गुबरा से लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर टपका का मेला दो शताब्दी से लगाया जा रहा। मेले की शुरूआत वहां विराजे सिद्ध बाबा की प्रेरणा से 18 वीं शताब्दी के राजा गुबरा ने की थी। जो निरंतर 206 वर्ष के बाद भी मेला भरने की परम्परा चली आ रही है। साईकिलो एव स्वयं या किराए के वाहनो से मेले मे दूरदराज के सेकड़ों ग्रामो से लोगं शामिल होकर सिद्ध महाराज का पूजन कर मनवांछित फल प्राप्ति के लिए प्रार्थना करते हैं। इस दौरान मेले में प्रशासन के द्वारा पुलिस बल की भी तैनाती की जाती हैं। मकर संक्राति के दिन मेले की शुरूआत होती है, लगभग 20 हजार लोग मेले में शामिल होकर प्राचीन जल कुण्ड मे स्नान कर धर्म लाभ अर्जित करते है साथ ही झूला तथा अनेक शहरो से आई दुकानो मे सामग्री खरीद कर मेले का आनन्द उठाते है। मेले मे आने बाली महिला हो या पुरूष सभी सिद्ध महाराज की गुॅफा मे पहुंचकर पूजन करने जाते है उसके बाद ही मेले का लुप्त लेते है। इस वर्ष भी मकर संक्राति के दिन टपका मे मेला लगा है और कई हजारों लोग मेले मे शमिल हुए।

### 12 माह पत्थरों में से टपकता है पानी

बीच जंगल मे बसे गुबरा ग्राम मे आने जाने के लिए आज भी कोई पक्का रास्ता नही है मात्र कच्चे रास्तों से लोग ग्राम में पहुंचते हैं। ग्राम से दो किलोमीटर की दूरी पर पहाड़ों के पास प्राचीन गुफा मे सिद्ध बाबा विराजमान हैं। सिद्ध बाबा के सामने जल प्रपात कुण्ड है जहां पर 12 माह पानी की जल धारा निकलती रहती है। लोगो ने बताया है कि इस कुंड का पानी कभी खाली नहीं होता है जंगल के जानवर इस कुंड का पानी पीकर अपनी प्यास बुझाते हैं अकसर यहां पर जंगली जानवर घूमते रहते है। साथ ही सेकड़ो की संख्या में मेले मे छोटा हांथी, मिनी ट्रकों एवं टे<sup></sup>क्टरो से अनेक नगरो के व्यापारी अपनी अपनी दुकाने लेकर आते है। मैले में झूला, नाटक कम्पनी, चाय पान सहित अनेक प्रकार की दुकाने लगाई जाती है।

## मंदिरों में लाईटिंग के साथ संकीर्तन अखण्ड रामायण, दीप प्रज्जवलन किये जायेंगे: राज्यमंत्री



दमोह । प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने 22 जनवरी को अयोध्या में प्रस्तावित भगवान श्रीराम की प्राणप्रतिष्ठा संबंधी आयोजन के दृष्टिगत रखते हुये आज नोहटा में अधिकारियों की एक बैठक ली। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा ग्राम नोहटा थाना के पास शिव मंदिर, सिंग्रामपुर में खेल मैदान और तेन्दूखेड़ा में पंचवटी मंदिर में रामलीला कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। यह कार्यक्रम शाम 6 बजे से रात्रि 9 बजे के मध्य आयोजित होंगे। जनभागीदारी से मंदिरों की साफ-सफाई कराई जाये। मंदिरों में लाईटिंग के साथ संकीर्तन,अखण्ड रामायण, दीप प्रज्जवलन कार्यक्रम आयोजित होंगे। घर-घर रंगोली और दीपक प्रज्जवलन का आग्रह किया । कार्यक्रम दीपावली की तरह मनाये जाने की बात कही । राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा 22 जनवरी 2024 को श्री रामलला आयोध्या में विराजमान हो रहे है। अयोध्या में भव्य कार्यक्रम होगा जिसमें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भी उपस्थित रहेंगे। श्री लोधी ने कहा संस्कृति मंत्रालय द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। उन्होंने सभी से आग्रह करते हुये कहा इन कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता निभाये। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का आव्हान है और हम सभी को करना भी चाहिए कि सभी मंदिरो की साफ-सफाई हो। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा भगवान श्री राम 22 जनवरी को आयोध्या मंदिर में विराजमान हो रहे है। सभी से आग्रह है कि 22 जनवरी को घर में दीपावली मनाये। पूरे प्रदेश और दमोह में राम लीलाओं का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जबेरा विधानसभा क्षेत्र में नोहटा, सिंग्रामपुर, तेंदूखेड़ा और दमोह में अन्य स्थानों पर राम लीला का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा इन कार्यक्रमों में पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाये। श्री लोधी ने सभी को मकर संक्राति की शुभकामनाएं देते हुये कहा राम लला 22 जनवरी को विराजमान हो रहे है, उसकी भी शुभकामनाएं दी । संस्कृति विभाग के द्वारा विभिन्न जो कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है, गांव-गांव भजन मंडलियों का कार्यक्रम जिसमें रामधुन के कार्यक्रम अखंड रामायण के कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता निभाएं का आग्रह किया है। बैठक में एसडीएम ब्रजेश सिंह, तहसीलदार डॉ विवेक व्यास और तहसीलदार उमेश तिवारी सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

## तीन दिवसीय रामलीला का होगा आयोजन

**दमोह ।** प्रदेश के जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद भोपाल द्वारा जिले में 19,20 एवं 21 जनवरी को तीन दिवसीय श्री लीला समारोह 2024 आयोजित किये जायेंगे। कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने बताया है 19 जनवरी को जिले के ग्राम सिंग्रामपुर में श्री हनुमान लीला राजीव अयाची दल दमोह द्वारा, नोहटा में निषादराज लीला संदीप श्रीवास्तव टीकमगढ़ द्वारा, दमोह में शबरी लीला अंजली शुक्ला छतरपुर दल द्वारा एवं तेन्दूखेड़ा में श्री हनुमान लीला सुश्री नीता वर्मा छिंदवाड़ा द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा। इसी प्रकार 20 जनवरी को ग्राम सिंग्रामपुर में शबरी लीला अंजली शुक्ला छतरपुर दल द्वारा, नोहटा में श्री हनुमान लीला राजीव अयाची दल दमोह द्वारा, दमोह में निषादराज लीला संदीप श्रीवास्तव टीकमगढ़ द्वारा एवं तेन्दूखेड़ा में शबरी लीला संजय गर्ग दल जबलपुर द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा। 21 जनवरी 2024 को ग्राम सिंग्रामपुर में निषादराज लीला संदीप श्रीवास्तव टीकमगढ़ द्वारा, नोहटा में शबरी लीला अंजली शुक्ला छतरपुर दल द्वारा, दमोह में श्री हनुमान लीला राजीव अयाची दल दमोह द्वारा एवं तेन्दूखेड़ा में निषादराज लीला योगेश तिवारी कटनी द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा।

## टाइगर कप क्रिकेट टूर्नामेंट पर मझगंवा टीम का कब्जा



**दमोह।** पन्ना टाइगर रिजर्व के वनपरिक्षेत्र किशनगढ़ के करीं गांव के जंगल मे चल रहे टाइगर कप क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में मझगंवा टीम ने राईपुरा को 5 विकेट से हराकर जीत दर्ज कर खिताब पर कब्जा कर लिया। निर्धारित 16 ओवर के फाइनल मैच में राईपुरा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 100 रन का स्कोर खड़ा किया, जबाब में मझगंवा की टीम ने महज 9 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर जीत दर्ज की। समापन मैच में मुख्य अतिथि के रूप में फील्ड डायरेक्टर पन्ना टाइगर रिजर्व ब्रजेन्द्र झा ने विजेता टीम को ट्राफी और विजेता राशि प्रदान की। अधीक्षक केन घड़ियाल राजवेंद्र मिश्रा, वनपरिक्षेत्र अधिकारी अरविंद केन ने खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर उत्साहवर्धन किया। खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए अधिकारियों ने सभी से खेल भावना के साथ खेलते रहने की अपील करते हुए इस तरह के आयोजन होते रहने का ग्रामीणों को भरोसा दिया। अधीक्षक राजवेंद्र मिश्रा ने बताया वन्य क्षेत्र में वन विभाग और ग्रामीणों के बीच अच्छे सबंध स्थापित करने,कम्युनिटी तालमेल बढ़ाने के लिए इस प्रकार के आयोजन आवश्यक है ताकि लोग वन विभाग के कर्मचारियों से जुड़कर उनकी मदद करे और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दें।

## व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**दमोह।** शासन द्वारा जारी आदेशानुसार के तहत कलेक्टर मयंक अग्रवाल के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी आरएल बागरी ने राजस्व निरीक्षक अभिषेक जैन के साथ शहर के प्रतिष्ठित शिवशनि, जेल मंदिर, श्री देव रामकुमार हनुमानगढ़ी मंदिर, श्री देव जानकी रमण बूंदाबहू मंदिर, प्यासी मंदिर, असाटी वार्ड स्थित राधा रमण मंदिर के अलावा अन्य मंदिरों में पहुंचकर 16 से 22 जनवरी तक आयोजित श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंदिरों में साफ-सफाई कराने, मंदिर में साज-सज्जा, भक्ति कार्यक्रम कराने तथा अयोध्या में होने वाले भक्तगणों को कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाने आदि के संबंध में बेहतर व्यवस्था बनाने के संबंध में चर्चा मंदिर कमेटियों से की। इस अवसर पर हनुमानगढ़ी मंदिर के पुजारी गोविंद प्रसाद दुबे, रामकुमार स्कूल प्राचार्य दिनेश असाटी, बूंदाबहू मंदिर कमेटी सदस्य संचालक सचिन असाटी, बूंदाबहू मंदिर के पुजारी रामेश्वर शर्मा, मनोज सोनी, प्यासी मंदिर के आलोक पांडे, राधा रमण मंदिर के पुजारी शिव प्रसाद दुबे, विट्ठल असाटी, गौरांग (हैप्पी) असाटी, सुरेंद्र असाटी के अलावा नागरिकगण मौजूद थे।

## भगवान से बढ़कर कोई और सुख और संपदा नहीं

**बनवार।** नोहटा ग्राम चल रही श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस. कथा वाचक उमाशंकर शास्त्री ने कहा कि आप सब पर ठाकुर जी की कृपा है। जिसकी वजह से आप आज कथा का आनंद ले रहे है। कथा में नारद जी के पूर्व जन्म की कथा व व्यास



जी द्वारा भागवत की ,, अमरकथा और शुक्रदेवजी के जन्म का वृतांत का विस्तार से सुनाया श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में यह भी बताया कि अगर आप भागवत कथा सुनकर कुछ पाना चाहते हैं। कुछ सीखना चाहते है तो कथा में प्यासे बन कर आए। कुछ सीखने के उद्देश्य से, कुछ पाने के उद्देश्य से आएं, तो ये भागवत कथा जरूर आपको कुछ नहीं बल्कि बहुत कुछ देगी। मनुष्य का जीवन सांसारिक भोग में नहीं कृष्णभक्ति में बिताएं. मनुष्य जीवन विषय वस्तु को भोगने के लिए नहीं मिला है। लेकिन आज का मानव भगवान की भक्ति को छोड़ विषय वस्तु को भोगने में लगा हुआ है। उसका सारा ध्यान संसारिक विषयों को भोगने में ही लगा हुआ है। मानव जीवन का उद्देश्य कृष्ण प्राप्ति शाश्वत है। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन का उद्देश्य कृष्ण को पाकर ही जीवन छोड़ना है और अगर हम ये दृढ़ निश्चय कर लेंगे कि हमें जीवन में कृष्ण को पाना ही है तो हमारे लिए प्रभु से बढ़कर कोई और सुख, संपत्ति या सम्पदा नहीं है। भागवत कथा श्रवण करने वालों का सदैव कल्याण करती है। भगवत कथा के समय स्वयं श्रीकृष्ण आपसे मिलने आए हैं। जो भी इस भागवत कथा स्थल पर विराजमान होकर भक्तो का सदैव कल्याण करती है। इस अवसर पर सत्येंद्र सिंह लोधी तहत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थित रही।

## अयोध्या से आये अक्षत कलश से अक्षत चावल निमंत्रण स्वरूप घर-घर किये वितरित



दमोह। एक नया अध्याय लिखने जा रहा है अयोध्या धाम श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को होने जा रही है अयोध्या से आये अक्षत कलश से अक्षत चावल का 1 जनवरी से 16 जनवरी तक हर घर घर जाकर वितरण किया जा रहा है अयोध्या में बन रहे प्रभु श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है जिसके आमंत्रण स्वरूप अक्षत कलश आए हैं इन कलश में पीले चावल रखे हुए हैं जिनका 1 जनवरी से 16 जनवरी तक घर-घर जाकर वितरित किया जा रहा है एवं 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को अपने नगर एवं गांव के मंदिरों में धूमधाम से एवं भव्य तरीके से मनाए जाने की अपील की जा रही है,हर घर घर निमंत्रण अक्षत निमंत्रण स्वरूप दिए जा रहे हैं इसी कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत गाड़ाघाट के अंतर्गत कुसमी, गाड़ाघाट, अक्षत वितरण दौरान मुख्य रूप से पंडित नितिन तिवारी, सुरेश यादव,जमना सिंह,सुमित,मुकेश यादव एवं अन्य राम भक्तों की उपस्थिति रही,इसी प्रकार ग्राम पंचायत कुम्हारी,कुलुवा,पटेरिया एवं समस्त तहसील के अंतर्गत सभी ग्रामों में अक्षत वितरण निमंत्रण स्वरूप कार्यक्रम चलाया जा रहा है राम भक्तों द्वारा और सभी तरफ सभी राममय नजर आ रहे हैं।

## भागवत कथा के चतुर्थ दिवस हुई श्रीकृष्ण जन्म की कथा

**दमोह।** नगर के साई बाबा मंदिर बेलाताल टापू पर पंडित कमलेश्वर आनंद के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया जा रहा है आज मकर संक्रांति पर्व पर मंच को रंग बिरंगे गुब्बारों व पतंग से सजाया गया। जिसमें चतुर्थ दिवस की कथा पर कथा व्यास महाराज द्वारा श्रीमद् भागवत कथा में भगवान की आराधना और उनके चरित्र का वर्णन ही नहीं है। श्रीमद्भागवत की कथा में वह सारे तत्व हैं जिनके माध्यम से जीव अपना तो कल्याण कर ही सकता है साथ में अपने से जुड़े हुए लोगों का भी कल्याण होता है। जीवन में व्यक्ति को अवश्य ही भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए। बिना आमंत्रण के भी अगर कहीं भागवत कथा हो रही है तो वहां अवश्य जाना चाहिए। इससे जीव का कल्याण ही होता है। हमे श्रीराम, श्री कृष्ण से संस्कार की सीख लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम और श्रीकृष्ण स्वयं जानते थे कि वह परमात्मा हैं उसके बाद भी वह अपने माता पिता ओर गुरु के चरणों को प्रणाम करने में कभी संकोच नहीं करते थे। यह सीख में भगवान श्रीराम श्रीकृष्ण से सभी को लेनी चाहिए। आज की युवा पीढ़ी धन कमाने में लगी हुई है लेकिन अपनी कुल धर्म और मर्यादा का पालन बहुत कम कर रहे हैं। कमलेश्वर आनंद ने कहा जब भी आप किसी संत या महात्मा से मिले तो इन 6 गुणों के माध्यम से उसकी पहचान कर सकते हैं। संत की पहचान होना आवश्यक है क्योंकि वही तो आपका मार्गदर्शन करते है। महाराज ने कहा कि कई बार कहा जाता है कि पानी पियो छान के, संगत करो जांच के क्योंकि सच्चा संत ही आपको सदमार्ग और ईश्वर से प्रेम करना सिखा सकता है।श्री कृष्ण जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया सभी भक्त कृष्ण के रंग में डूबे नजर आए खूब बधाई गीत पर भक्त ने जमकर नाचे। अंत में कान्हा की आरती एवम खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया।

## संक्रांति पर भगवान को लगाया खिचड़ी का भोग

**बनवार।** खिचड़ी सिर्फ एक तरह का भोजन नहीं बल्कि सनातन और भारतीय संस्कृति जीवन शैली का अटूट हिस्सा,प्रेम नारायण राजोरिया यज्ञाचार्य मकर संक्रांति पर्व धूमधाम से मनाया गया। दमोह जिले के जनपद जबेरा के ग्राम वीजा डोंगरी में स्थित संतों की तपोभूमि सिद्ध धाम गंगा झिरिया सिद्ध धाम मैं सुबह से लोगों ने स्नान करने के बाद यहां पर चल रहे 31 दिवसीय श्री रामचरितमानस महायज्ञ स्थल पहुंचकर यज्ञ भगवान की परिक्रमा करते हुए सिद्ध धाम में पूजा अर्चना की। जहां पर संतो द्वारा भगवान को



खिचड़ी का भोग लगाया गया और संतो यज्ञाचार्य ने मकर संक्रांति और खिचड़ी की महिमा महत्व के बारे में जानकारी दें मकर संक्रांति के दिन खिचड़ी खाने का अलग महत्व है। इसलिए मकर संक्रांति को खिचड़ी के नाम से भी जाना जाता है इसी परंपरा का निर्वाहन करते हुए भक्तों को खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया। मकर संक्रांति का पर्व प्रत्यक्ष रूप से भगवान सूर्य से जुड़ा है इस दिन सूर्य उत्तरायण होते हैं। और दान पुण्य धर्म करने का विशेष महत्व है जिसके चलते बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर गंगा झिरिया सिद्ध धाम में चल रहे श्री रामचरितमानस महायज्ञ मैं यज्ञ भगवान के दर्शन पूजन परिक्रमा करते हुए धर्म लाभ अर्जित किया।

## नगर परिषद द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिण्डोरिया




मध्यप्रदेश शासन के विशेष निर्देश पर युवा दिवस एवं मकर संक्रान्ति के पर्व पर स्थानीय बगिया के मैदान एवं नगर मे हिण्डोरिया नगर परिषद के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें कलाकारों ने अनेक प्रकार की रंगारंग प्रस्तुतियां पेश की । उक्त युवा दिवस एवं मकर संक्रांति के अवसर पर नगर मे अनेक प्रकार के खेल कूद ,सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकगीत, लोक नृत्य, आदि के प्रस्तुत किए गए। इनमे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत रिकॉर्डिंग नृत्य, गीत , गजल , नाटक नाटिका , लोक संगीत, आदि के कार्यक्रम छात्र-छात्राओं एवं नगर के लोगो द्वारा प्रस्तुत किए गए। कलाकारों ने अनेक प्रकार के मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसकी लोगों ने जमकर तारीफ की। इसके पूर्व दोपहर मे इसी मैदान पर वॉलीबॉल सेमीफाइनल एवं फाइनल के मैच खेले गए। जिसमे बालक हाई स्कूल में हॉकी रस्साकशी एवं सरस्वती शिशु हाई स्कूल में कबड्डी एवं बालिकाओं का बैडमिंटन का मैच करवाया गया । इसी प्रकार कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बालिकाओं का वॉलीबॉल मैच किया गया। फ्रेंड्स क्लब ए टीम फाइनल मैच में विजयि रही। वही दूसरी ओर बालिका वर्ग में कन्या हाई स्कूल की हाकी टीम विजयी रही। अभियान के तहत नगर की समस्त शालाओं में सूर्य नमस्कार का आयोजन भी किया गया। सीएमओ मोहनलाल साहू ने बताया कि 11 से 15 जनवरी 2024 तक मुख्यमंत्री के निर्देश पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कराए जा रहे हैं। जिसमें नगर परिषद में स्व- रोजगार एवं स्व-सहायता समूह की महिलाओं को वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इसके अलावा इन कार्यक्रमों मे भाग लेने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कारों से भी सम्मिलित किया गया हैं। इस दौरान सभी स्कूलों में स्वच्छता एवं पर्यावरण जागरूकता को लेकर रैली भी निकाली गई। खेल कूंद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को नगर परिषद के द्वारा शील्ड, मेडल, एवं अन्य पुरुस्कार दिए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह के द्वारा की गई। एवं कार्यक्रम का संचालन दिलीप जोशी के द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर सुधांशु चौबे, तैय्युब अली, जगदीश चौरसिया, सद्दू बाबू, गोविंद सेन, बहादुर रहमान, लोकेंद्र सिंह, कोदू लाल पटेल, जकिया परवीन, मनीषा सुमन, रवि चौरसिया, कालूराम अहीरवाल सहित नगर परिषद के समस्त पार्षद सहित एवं सेकडो.लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### मकर संक्रांति पर ब्लड डोनेशन करके आई एम ए दमोह ने त्यौहार पर दान को सार्थक किया

दमोह। आई एम ए दमोह ब्रांच के अध्यक्ष संजीव सिंघई एवं सचिव अभय जैन ने जिला अस्पताल दमोह पहुँचकर अपने साथी सदस्यों डॉ. अमित जैन, डॉ जलज पसारी, डॉ. शैलेन्द्र खत्री, डॉ. सतेंद्र पटेल, डॉ. श्रद्धा गंगेले आदि के साथ रक्तदान किया। सचिव डॉ. अभय जैन ने इस आयोजन के विषय मे बताया कि डॉक्टर्स स्वयं रक्तदान कर अन्य संगठनों को इस तरफ जागृत करना चाहते है, कि रक्तदान जीवन रक्षक भी है और निर्विकार भी है। अध्यक्ष डॉ. संजीव सिंघई कहते है कि रक्तदान को लेकर जो भ्रांतियां समाज में है, उन्हें दूर करने की मंशा से ही हमने मकर संक्रांति जैसे शुभ दिन रक्तदान किया है, रक्तदान से जाने बचाई जा सकती है एवं यह हमें भी निरोगी एंव नई ब्लड सेल बनाने में मदद करता है।

### घर घर बाट रहे अयोध्या धाम का निमंत्रण

दमोह। प्रभु श्री राम जी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत श्री जागेश्वर धाम बांदकपुर में अयोध्या धाम से आये पूजित अक्षत निमंत्रण को राम भक्तों ने घर घर वितरित किया ढोल बाजो के साथ प्रभु श्री राम ,लक्ष्मण ,जानकी की झांकी के साथ सभी ने नगर भ्रमण किया। जगह-जगह लोगों ने प्रभु श्री राम की आरती उतार अक्षत वितरण कर रहे राम भक्तों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। 500 वर्षो के संघर्ष के बाद यह शुभ दिन आया है। भारतवर्ष सहित विश्व के हर सनातनी के हृदय में बसने वाले प्रभु श्री राम जी जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण हो चुका है। 22 जनवरी को प्रभु श्री राम जी अपने भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे है। यह सम्पूर्ण देश वासियों के लिए गौरव और हर्ष का विषय है। इस शुभ अवसर पर हम सभी इस महोत्सव को भव्य रूप में मनाए अपने घरों में रंगीली सजाए दीप जलाए। घर पर एवं मंदिरो में पूजन पाठ करे अक्षत वितरण में छोटे लाल गौतम,राजकुमार जैन,प्रकाश जैन,राजू ठाकुर ,ब्रजेश ठाकुर, वीरू नेमा,सीकेंद्र गुप्ता, महेंद्र तिवारी, अंशु दुबे, तुलसीराम तिवारी, अभिषेक गोलू चौबे ,गणेश यादव,आदर्श पंडा, शंकर गौतम समस्त राम भक्तों की उपस्थिति रही।

### अधिकारियों के साथ भारी पुलिस बल की मौजूदगी में हुई बड़ी कार्यवाही

# प्रशासन ने जेसीबी से कसाई मंडी स्थित हड्डी गोदाम को किया ध्वस्त

### लंबे समय से हिंदू संगठनों द्वारा की जा रही थी पशुबध पर अंकुश व सख्त कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कसाई मंडी रहवासी क्षेत्र के समीप लंबे समय से संचालित स्लाटर हाऊस हड्डी गोदाम को हटाने के लिए सोमवार सुबह भारी पुलिस बल मौजूदगी में पुलिस प्रशासन द्वारा कार्यवाही की गई इस दौरान जेसीबी की मदद से गोदाम को ध्वस्त करा दिया गया। दमोह नगर तथा आसपास के क्षेत्र से पालतू गोवंश की चोरी करके रात के अंधेरे में कसाई मंडी ले जाकर उनके बध किये जाने की हिंदू संगठनों की लगातार शिकायतों के बाद आखिरकार प्रशासन एक्शन मूड में नजर आया। मकर संक्रांति को सूर्य को उतरायण होते ही पुलिस पालिका प्रशासन की वक्र दृष्टि कसाई मंडी में निर्मित हड्डी गोदाम पर पड़ी और देखते ही देखते जेसीबी के पंजे तहस-नहस करते हुए जमीन दोज कर दिया। इस दौरान एसडीएम श्री बागरी से लेकर एएसपी संदीप मिश्रा, सीएसपी अभिषेक तिवारी, कोतवाली टीआई आनंद सिंह, देहात थाना टीआई विजय सिंह राजपूत सहित करीब आधा दर्जन थानों की पुलिस टीम, प्रभारी नगर पालिका अधिकारी तहसीलदार सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। कार्रवाई को लेकर एडिशनल एसपी संदीप मिश्रा जहां नगर पालिका द्वारा दिए गए नोटिस पर पूरी कार्रवाई संचालित होने की बात करते रहे वही नगर पालिका के प्रभारी सीएमओ मेघ तिवारी मामले में अपना पक्ष देने से बचते रहे।





एएसपी संदीप मिश्रा ने बताया कि नपा द्वारा जारी आदेश के बाद राजस्व व नपा अमले द्वारा उक्त स्लाटर हाऊस हटाने की कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही शांतिपूर्ण रूप से हुई है। आस पास के थानो के साथ पुलिस बल बुलाया गया था ताकि शांति व्यवस्था कायम रहे।

सुबह 7 बजे पुलिस द्वारा दल बल के साथ पहुंचकर इलाके में सायरन बजाकर पैदल मार्च करते हुये स्थल पर पहुंचे जहां अधिकारियों के निर्देश पर जेसीबी ने बूचडखाने की इमारत को जमीदोज कर दिया। इस कार्यवाही के बाद से जहां कसाईयों व गौकशी करने वालो में हडकंप के हालात है वहीं हिंदू संगठन के धरना प्रदर्शना इत्यादि जो पिछले दिनों किये गये उनकी जीत हुई है।

# करंट से लाइनमैन की मौत पर ऑउटसोर्स कर्मचारियों का गुस्सा फूटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

### प्रदर्शन कर एक करोड़ का मुआवजा तथा अनुकंपा नियुक्ति की मांग

दमोह के देहात थाना अंतर्गत नरसिंहगढ़ क्षेत्र में बिजली लाइन को ठीक कर रहे लाइनमैन महेश रजक 35 वर्ष की अचानक विद्युत सप्लाई चालू हो जाने से करंट लगने से खंभे पर चिपक कर रविवार शाम मौत हो गई थी। सोमवार को उसका शव पोस्ट मार्टम के लिए जिला मुख्यालय लाया गया। जहां उसके परिजनों का जहां रो रो कर बुरा हाल बना रहा। महेश की चार छोटी-छोटी बेटियों तथा एक बेटा है जिनके सर से पिता का साया छीन गया है। वहीं इस घटना से बिजली विभाग के आउटसोर्स कर्मचारियो में भी जमकर आक्रोश है। उन्होंने इस मामले में ठेकेदार की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया। तथा मृतक के परिवार के एक सदस्य को नौकरी और एक करोड़ रुपए की मुआवजा राशि दिए जाने की मांग की। बाद में बड़ी संख्या में आउटसोर्स कर्मचारी पीड़ित परिजनों के साथ कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे जहां गेट पर देर तक धरना प्रदर्शन चला रहा वहीं पुलिस प्रशासनिक अधिकारी पीड़ित परिजनों को समझाएं आश्वासन देने में लग रहे।

उल्लेखनीय है कि नरसिंहगढ़ विद्युत सब स्टेशन के अंतर्गत कार्यरत महेश रजक उम्र करीब 40 वर्ष की रविवार शाम बिजली के खंभे पर चढ़कर विद्युत लाइन दुरुस्त करते समय करंट लगने से पोल पर ही तारों से चिपक जाने से प्राण पखेरू उड़ गए। घटना के बाद देर तक लाइनमैन का शव पोल तथा तारो क बीच चिपक कर लटकता रहा। बाद में नरसिंहगढ़ चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाया गया। लेकिन तब तक अंधेरा हो जाने की वजह से पंचनामा कार्यवाही भी नहीं हो सकी थी। बताया जा रहा है कि आउटसोर्स कर्मचारी लाइनमैन महेश रजक को कंपनी के द्वारा करंट से बचाव हेतु ग्लब्ज सहित अन्य सुरक्षा उपकरण भी मुहैया नहीं कराए गए थे। वही कुछ किसानो की मौजूदगी में जब वह लाइन का सुधार कार्य कर रहा था। इसी दौरान अचानक विद्युत सप्लाई चालू करा दी गई। जिससे उसे करंट का जोरदार झटका लगा और बिजली तारों में ही उलझता हुआ वह चिपक कर उल्टा लटक गया और उसकी वहीं पर मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों तथा नरसिंहगढ़ चौकी पुलिस को घटना की सूचना दी गई। लेकिन देर तक उसे नीचे उतारने तथा मौके पर किसी भी जिम्मेदार के नहीं पहुंचने से करीब 2 घंटे तक शव ऐसा ही लटकता रहा। बाद में पुलिस के पहुंचने पर शव को नीचे उतरवाया गया। लेकिन अंधेरा हो जाने से पंचनामा कार्यवाही नही हो सकी थी। इधर इस घटना को लेकर ढिक्सर मंडला खेरूआ गांव के लोगों के साथ बिजली विभाग के आउटसोर्स कर्मचारी में जमकर आक्रोश व्याप्त है।

## भगवान श्रीराम की प्राणप्रतिष्ठा पर आयोजन को लेकर दिये निर्देश

**दमोह।** राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशों के तहत आयोध्या में 22 जनवरी 2024 को प्रस्तावित भगवान श्रीराम की प्राणप्रतिष्ठा संबंधी आयोजन के दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने सभी संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा है 16 जनवरी से 22 जनवरी तक प्रत्येक मंदिर में जन सहयोग से राम कीर्तन आदि का आयोजन कराया जाये। नगरो तथा ग्रामों में राम मण्डलियों को स्थानीय कार्यक्रम मोहल्लों तथा ग्रामों में आयोजित किए जाने हेतु प्रेरित किया जाये। जिले के मुख्य मंदिरों में टी.व्ही स्क्रीन लगाकर आयोध्या के उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया जाए। उक्त मंदिरों में आयोजनों में आमजनों की सहभागिता हेतु विशेष रूप से आमंत्रित किया जाये तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। प्रमुख मंदिरों में ट्रस्ट/समिति के द्वारा 22 जनवरी को भण्डारों का आयोजन किया जाये। इस हेतु विभिन्न धर्मगुरूओं से भण्डारों के आयोजन किए जाने हेतु समन्वय किया जाये। जिले के प्रमुख मंदिरों में साफ-सफाई, रोशनी, दीप प्रज्जवलन आदि के साथ ही भगवान श्रीराम-जानकी आधारित सांस्कृतिक आयोजन मंदिर के ट्रस्ट/समिति के माध्यम से आमजन हेतु आयोजित किए जायें। उन्होंने कहा नगर में नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा गांवों में पंचायत तथा ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से 14 से 21 जनवरी के मध्य विशेष सफाई का अभियान चलाया जाये। सभी सरकारी इमारतों तथा स्कूल एवं कॉलेजों में साज-सज्जा की जाये। सभी शासकीय कार्यालयों में 16 से 21 जनवरी (एक सप्ताह) तक विशेष सफाई अभियान चलाया जाये। 21 से 26 जनवरी तक समस्त शासकीय कार्यालयों में रोशनी (लाइटिंग) की व्यवस्था की जाये। 11 से 21 जनवरी तक संस्कृति विभाग द्वारा श्रीरामचरित लीला समारोह कार्यक्रम जिला स्तर पर आयोजित किए जा रहे है।

## संक्रांति पर श्रीदेव जागेश्वर नाथ के पूजन के लिए उमड़ा जनसैलाब



**बनवार।** श्री देव जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में भगवान शिव के प्रिय दिन सोमवार को मकर संक्रांति के पर्व पड़ने की वजह से इस पर्व का महत्व और भी बढ़ गया जिसके चलते दान पुण्य के इस पर्व पर भगवान जागेश्वरनाथ के दर्शनों को हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। भगवान भोलेनाथ का पूजन जलाभिषेक करने के बाद दान पुण्य करते हुए पर्व का धर्म लाभ अर्जित किया। बुंदेलखंड ही नहीं संपूर्ण भारत में 13वे ज्योतिर्लिंग की संज्ञा प्राप्त स्वयंभू दिव्य शिवलिंग के दर्शनों का सिलसिला सुबह से शुरू हुआ देर रात्रि संध्या आरती विशेष श्रृंगार दर्शनों तक चला था। मकर संक्रांति के चलते सुबह मंदिर के पुजारियों के द्वारा मंत्रोचारण के साथ विशेष पूजन की गई तो संध्या आरती में भगवान जागेश्वर नाथ माता पार्वती का विशेष श्रृंगार किया गया जिनकी दर्शनों के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रृंगार आरती में शामिल हुए। मंदिर प्रबंधन कमेटी के द्वारा भक्तों को दर्शनों में किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए विशेष इंतजाम किए गए। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस के जवानों को तैनात किया गया और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी गई। मंदिर प्रबंधक पंडित रामकृपाल पाठक ने बताया कि आज मकर संक्रांति के पर्व पर सुबह से ही भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हुआ जो निरंतर चलता रहा।

## घर-घर बांट रहे अक्षत



**दमोह।** प्रभु श्री राम जी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत अयोध्या धाम से आये पूजित अक्षत निमंत्रण को राम भक्तों ने घर घर वितरित किये। सोमवार को बाल टोली के साथ महेश पटेल ने घर घर जाकर अक्षत देकर लोगो से 22 जनवरी को उत्सव मनाने की अपील की।

## राज्यमंत्री लोधी ने विधायक निधि से निर्मित स्वागत गेट का किया उद्घाटन



**दमोह।** प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने जनपद तेंदूखेड़ा के ग्राम हरदुआ हाथीघाट खर्राघाट शिवमन्दिर में नव निर्मित स्वागत गेट का विधि विधान से उद्घाटन किया। क्षेत्रवासियों की लंबे समय से मांग थी की खर्राघाट धाम गेट का निर्माण हो जिसे विधायक निधि की राशि से पूर्ण किया गया। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी जनपद तेंदूखेड़ा के ग्राम मगदुपुरा पहुंचे जहां विकसित भारत संकल्प यात्रा में सम्मिलित हुए। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा कि पहले आम नागरिक जनों को अधिकारी-कर्मचारियों के चक्कर काटने पड़ते थे और नेताओं को ढूंढना पड़ता था। लेकिन अब प्रदेश की सरकार और यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में अधिकारी कर्मचारियों सहित जनप्रतिनिधि आपके ग्राम पहुंच रहे हैं और आपकी समस्याओं को सुनने का कार्य कर रहे हैं।

## आरोग्य केंद्र रनेह में पदस्थ डॉक्टर सड़क दुर्घटना में हुए चोटिल



**रनेह।** आरोग्य केंद्र रनेह में पदस्थ डॉ अनंत कुमार परसादिया के समीप मोटरसाइकिल से हटा से रनेह आ रहे डॉक्टर सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। बताया जाता है कि डॉक्टर को किसी फोर व्हीलर ने टक्कर मारी। डॉक्टर बेहोशी की हालत में कुछ देर सड़क पर ही पड़े रहे। इन्हें एक निजी वाहन से रनेह आरोग्य केंद्र पहुंचाया। वहीं घटना की सूचना पर हटा सिविल अस्पताल से मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर उमाशंकर पटेल, बुद्दन तंतुवाय रनेह पहुंचे। जहां पर उनका प्राथमिक उपचार कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हटा रेफर किया गया। अज्ञात वाहन का अभी तक पता नहीं है।

# जिनबिंब स्थापना विश्वशांति महायज्ञ की घटयात्रा निकाली





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

श्री दिगंबर जैन नसिया जी जैन मंदिर दमोह के जिन मंदिर की 100वीं स्थापना वर्षगांठ के सुअवसर पर जिनबिंब स्थापना श्री 1008 याग मंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन 15 से 17 जनवरी तक किया जा रहा है। संत शिरोमणि आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज के मंगल आशीष निर्यापक मुनि श्री योग सागर जी महाराज की मंगल प्रेरणा से प्रतिष्ठाचार्य युगलबंधु अभिषेक जी एवं डॉ आशीष जैन शिक्षकचार्य पं सुरेश चंद जी शास्त्री के निर्देशन में कार्यक्रम चल रहा है। सोमवार 15 जनवरी को ध्वजारोहण कर भव्य कलश यात्रा निकाली गई जो नसिया मंदिर से कांच मंदिर तक निकाली गई। मंडल शुद्धि, पात्र चयन, इंद्र प्रतिष्ठा, मंगल प्रतिष्ठा, नित्य पूजन व सांयकालीन एवं रात्रिकालीन कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। आज 16 जनवरी का श्री 1008 याग मंडल विधान का आयोजन होगा व कल 17 जनवरी को वेदी निष्ठापन एवं जिनबिंब स्थापना की जायेगी।

## बस की टक्कर से बाईक सवार दो घायल

**पटेरा।** पटेरा पुलिस थाना अंतर्गत दमोह पटेरा मार्ग पर हरपालपुरा के समीप एक बेलगाम बस की टक्कर से बाईक सवार घायल हो गये। जिन्हे पटेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डयूटी डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद दमोह रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पटेरा की बस जो दमोह करनी चलती है की टक्कर से बाईक सवार सारंगपुरा निवासी परम लोधी एवं भगवानदास घायल हो गये। जिन्हे प्राथमिक उपचार के बाद दमोह जिला चिकित्सालय रेफर किया गया जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने बस को जब्त कर विवेचना शुरू कर दी है।